हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़..



11 होनहार छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित






शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता
WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND
ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)
Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports
N N Sharma Director
GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129



Sukeerti Sharma Principal


## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव संडील माइनर के निकट बाइक के अनियंत्रित होकर साइड में बुग्गी पर गिरने से चालक की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव डाहौला निवासी कश्मीरा (48) मंगलवार को बाइक पर सवार होकर अपनी बेटी से मिलने गया हुआ था।

### रोजगार मेले का आयोजन चार को

**नरवाना।** सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि 4 अप्रैल प्रातः 10: 00 बजे रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सहायक रोजगार कार्यालय के परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में एस आई एस सिक्युरिटी कम्पनी सरहिंद पटियाला द्वारा सुरक्षा जवान और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की जान गई

**कैथल।** गांव साकरा में बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। नौच के राम मेहर ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 मार्च को उसका भाई कुलदीप बाइक से साकरा से जा रहा था तो अज्ञात बस चालक ने तेज गति से चलते उसके भाई को टक्कर मार दी।

### रिक्शा चालक का फोन चुराकर नकदी निकाली

**कैथल।** कैथल में अज्ञात व्यक्ति ने रिक्शा चालक का फोन चुराकर खाते से 23000 की राशि निकालवा ली। शुगर मिल कॉलोनी के मुलख राज ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रिक्शा चलाता है। उसने बताया कि 17 मार्च को सेक्टर 21 ग्रीन बेल्ट में पेड़ की छांव में आराम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे नींद आ गई। जैसे ही उसकी आंख खुली तो उसने उसका फोन गायब मिला।

### मारपीट करने पर पति सहित चार नामजद

**जींद।** गांव जयपुर में दोस्त के साथ दीवार फांद कर महिला से मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जयपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उसका पति नवीन अपने दोस्त के साथ दीवार फांद कर घर में घुस आया। उसने ऐतराज जताया तो वे गाली गलौज पर उतर आए।

### कुवैत भेजने के नाम पर अस्सी हजार ठगे

**कैथल।** साइबर क्राइम पुलिस ने कुवैत भेजने के नाम पर 80000 की धोखाधड़ी करने के रूप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव भूंसला के सोनू ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसने फेसबुक पर विज्ञापन देखा। इसमें विदेश में कुवैत भेजने का ऑफर आया था। फोन किया तो संबंधित व्यक्ति ने कहा कि कुवैत जाने के लिए कहा कि उसे 10 लाख रुपये देने होंगे।

### पोर्टल आज दोपहर बाद चलने की संभावना

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि सरल का पोर्टल मुख्यालय स्तर पर मेंटेनेंस की वजह से पिछले दो दिन से सही प्रकार से कार्य नहीं कर रहा है । उन्होंने बताया कि यह पोर्टल दो अप्रैल को दोपहर बाद चलने की संभावना रहेगी।

## जींद में 36 अनाजमंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद प्रारंभ

# पहले दिन नहीं आया एक भी किसान पीला सोना लेकर

### सरकार ने लगभग दस दिन पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर की 36 मंडियों में मंगलवार से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन कोई भी किसान अपना पीला सोना लेकर मंडी में नही पहुंचा। हालांकि जिले की अधिकतर मंडियों में कई कमियां हैं। जींद की अनाजमंडी में तो अभी भी धान है। मंडी के दोनों शेडों के नीचे धान की ढेरियां लगी हैं। गौरतलब है कि सरकार के निर्देशों के अनुसार मंडियों में खरीद शुरू होने से लगभग दस दिन पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए थे लेकिन व्यवस्थाएं हो नही पाई। खरीद केंद्रों पर तो सफाई तक नही हुई है। सरकार ने सभी मंडियों में व्यवस्थाओं को बनाने के लिए समय रहते निर्देश दिए थेए लेकिन मंडियों में समय पर व्यवस्था न बन पाना प्रशासन की नाकामी को उजागर करता है। गेहूं की सरकारी खरीद के पहले दिन जींद, सफीदों, जुलाना, पिल्लूखेड़ा, नरवाना व अलेवा की मंडी समेत किसी भी खरीद केंद्र पर गेहूं नहीं पहुंची। आढ़तियों का अनुमान है कि इस सप्ताह के अंतिम दिनों में गेहूं मंडी में पहुंचना शुरू होगा। फिलहाल गेहूं में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण कटाई शुरू नही हो पाई। सरकार की तरफ से एक अप्रैल से गेहूं खरीद के निर्देश दिए गए हैं लेकिन अभी तक मंडियों में उठान व लेबर के टेंडर नहीं होने से खरीद एजेंसियों ने आढ़तियों के पास बारदाना नहीं पहुंचाया है। आढ़तियों को भी बारदाने का इंतजार बना है। अगर मंडी में फसल आ जाए तो बारदाने के बिना उसकी भराई कैसे होगी और कैसे उसका मंडी से उठान होकर किसानों के खाते में उसकी पेमेंट जाएगी।

### सप्ताह के अंत तक गेहूं आने की उम्मीद



**जींद।** मंडी शेड के नीचे रखी धान की बोरियां। फोटो :हरिभूमि

#### जल्द ही बारदाने व उठान का टेंडर

कच्चा आढ़ती संघ के प्रधान कृष्णगोपाल मित्तल ने बताया कि मंडी में गेहूं की फसल आनी शुरू नहीं हुई है। आगामी कुछ दिनों में गेहूं की आवक शुरू होने की संभावनाएं है। मंडी में अभी तक बारदाने व उठान का टेंडर नहीं हुआ है जबकि सिलाई व लेबर का टेंडर हो चुका है। उम्मीद है कि जल्द ही बारदाने व उठान का टेंडर हो जाएगा। मंडी में कई मूलभुत व्यवस्थाएं तो हो चुकी हैं लेकिन सफाई व निकासी की व्यवस्थाएं कहीं न कहीं ढीली हैं। मार्केट कमेटी सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि गेहूं के सीजन को लेकर मार्केट कमेटी का पूरा प्रशासन अलर्ट है। मंडी में मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं ताकि किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अभी तक मंडी में गेहूं नहीं आया है। छह अप्रैल तक मंडी में गेहूं की आवक होने की संभावनाएं है।

#### फसल को सुखा कर मंडी में लाएं : गुप्ता

गेहूं की खरीद को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी की हुई है। खरीद के पहले दिन कोई भी किसान फसल बेचने के लिए मंडी नही आया। उचाना मंडी के अलावा छात्तर सब यार्ड, घोघड़िया, काब्रच्छा, धनखड़ी परचेज सेंटर पर गेहूं की खरीद होगी। मार्केट कमेटी सचिव योगेश गुप्ता ने कहा कि खरीद को लेकर सभी तैयारी प्रशासन ने खरीद से पहले पूरी कर ली थी। खरीद के पहले दिन कोई भी किसान अपनी फसल बेचने के लिए नही आया। किसान साफ, सुखी गेहूं मंडी लेकर आएं ताकि उनकी फसल आते ही मंडी में बिके। गुप्ता ने बताया कि उचाना मंडी में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को खाद्य आपूर्ति विभाग, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को हैफेड की खरीद है। छात्तर सब यार्ड में मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को हैफेड, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को खाद्य आपूर्ति विभाग की गेहूं की खरीद होगी। काब्रच्छा परचेज सेंटर पर एचडब्ल्यूसी गेहूं की खरीद है तो घोघड़िया, धनखड़ी में खाद्य आपूर्ति विभाग की खरीद है।

वहीं मंडी में सिलाई व लोडिंग के लिए सफीदों मंडी में लेबर का टेंडर हो चुका है। यह एजेंसियां करेंगी खरीदः सफीदों अनाज मंडी में इस बार तीन एजेंसियां वेयरहाउस, हैफेड व फूड एंड सप्लाई गेहूं फसल की खरीद का कार्य करेंगी। इन एजेंसियों को खरीद करने के लिए दिन भी अलॉट कर दिए गए है। इसमें वेयरहाउस मंगलवार व वीरवार, हैफेड शुक्रवार व शनिवार तथा फूड एंड सप्लाई सोमवार व बुधवार को खरीद का कार्य करेंगी। इसके अलावा प्रशासन ने गांव डिडवाड़ा, हाट, सिवानामाल, मुआना व ऐंचरा में किसानों की सुविधा के लिए खरीद केंद्र बनाए गए हैं। खरीद केंद्र मुआना में फूड एंड सप्लाईए सिवानामाल में वेयरहाउस, ऐंचरा में हैफेड, डिडवाड़ा में हैफेड व हाट में एद्बक्तसीआई गेंहू की खरीद करेगी।

## कैथल जिले में बनाए 51 खरीद केंद्र

### अनाज मंडियों में गेहूं खरीद के प्रबंध अधूरे नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** खाली पड़ी की अनाज मंडी। फोटो :हरिभूमि

सरकार के आदेशानुसार मंगलवार से प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो गई है लेकिन कैथल की अनाज मंडी में मंगलवार को पूरे दिन कोई भी किसान गेहूं की फसल को लेकर नहीं पहुंचा। इसके साथ ही अभी तक अनाज मंडियों में गेहूं खरीद के प्रबंध भी अधूरे नजर आ रहे हैं। मंगलवार को दौरा करने पर पाया कि मंडी में अभी तक धान की ढेरियां पहुंच रही हैं तथा अनाज मंडी में साफ सफाई का भी उचित प्रबंध नहीं किया गया है। ऐसे में ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि गेहूं खरीद करीब 7 अप्रैल से शुरू होगी। बता दें कि गेहूं खरीद के लिए 2425 रुपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है। 17 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद का अनुमान जिले में पिछले वर्ष 17 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद विभिन्न मंडियों और खरीद केंद्रों पर हुई थी। इस बार भी अधिकारियों ने इतनी ही खरीद की संभावना जताई है। कैथल में हरियाणा वेयर हाउस, हैफेड और फूड एंड सप्लाई तीन एजेंसियां गेहूं की खरीद का कार्य करेंगी। इसके लिए कैथल शहर की नई, पुरानी और अतिरिक्त अनाज मंडी के अलावा पांच खरीद केंद्र भी बनाए गए हैं। ये केंद्र गांव बाबा लदाना, पाडला, गुहणा, क्योड़क व फर्श माजरा में बनाए गए हैं। आखिरकार कब होगी सफाई नई अनाज मंडी के पूर्व चेयरमैन धर्मपाल कठवाड़ ने बताया कि एक अप्रैल से सरकार की ओर से सरकारी खरीद शुरू करने का फैसला लिया है लेकिन मंगलवार तक भी अनाज मंडी में मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं करवाई गई हैं। हालांकि पहले दिन कोई भी किसान गेहूं लेकर मंडी में नहीं पहुंचा है। परंतु अभी तक सड़कों तक पर सफाई नहीं की गई है। इस कारण गेहूं आने पर किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### परेशानी नहीं आने दी जाएगी

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र ढुल ने कहा कि अभी तक मंडी में गेहूं की कोई ढेरी नहीं आई है। यहां आढ़ती अभी तक धान की ही खरीद व बिक्री कर रहे हैं। धान का भूसा मंडी में होने के कारण सफाई में थोड़ी सी परेशानी है, इसे जल्द दूर करवाया जाएगा। बिजली, पानी, सफाई और शौचालयों की सभी व्यवस्था मंडी में जल्द पूरी की जाएगी। किसानों, आढ़तियों व मजदूरों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



**कैथल।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग कच्चे फीड को पक्का करने का उद्घाटन करते। फोटो :हरिभूमि

#### डेढ़ करोड़ रुपये से बने फीडों का उद्घाटन

कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने मंगलवार को डेढ़ करोड़ रुपये से कच्चे फीड़ों के निर्माण को पक्का करने का पूरा होने पर उद्घाटन किया। अब गेहूं सीजन में आढ़तियों व किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। यह मांग वर्षों से लंबित थी, अब कच्ची जगह पर ब्लाक लगने से कोई परेशानी नहीं आएगी। इसके अलावा गोशाला वाली सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। यह इस समय कच्चा व जर्जर हालत में है। उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन एवं पार्षद रामनिवास मित्तल, पूर्व सरपंच श्याम लाल नौच, प्रवीण सेगा, चंद्रभान सेगा, टेकचंद धनौरी, वेदप्रकाश हरसौला, बीरभान जैन, महावीर बलवंती, रमेश, रामनिवास मित्तल, विनोद सेगा, देशराज मौजूद रहे।

### एडीसी ने राजकीय स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने मंगलवार को जिले के विभिन्न राजकीय स्कूलों का निरीक्षण व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय जाखौली, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोड़ा, राजकीय कन्या उच्च विद्यालय भाणा, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बंदराणा में दौरा कर संबंधित स्कूल मुखियाओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। पेयजल की समुचित व्यवस्था हो तथा शौचालयों में पूरी साफ-सफाई हो। सभी अध्यापक समय पर स्कूल आएं तथा निर्धारित समय से पहले स्कूल न छोड़े। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।



**पूंडरी।** फरल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रसव सुविधा। फोटो :हरिभूमि

### गांव फरल पीएचसी में प्रसव सुविधा का शुभारंभ किया

**पूंडरी।** गांव फरल में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम उठाते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में प्रसव सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर दोहरी खुशी देखने को मिली एक ओर क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की सौगात मिली, तो दूसरी ओर केंद्र में पहली बार सफल प्रसव संपन्न हुआ।हल्का विधायक सतपाल जांबा के प्रयासों से निर्मित इस पीएचसी में पहली बार एक महिला ने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इस ऐतिहासिक क्षण का शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा के भाई एवं मुख्य अतिथि शीशपाल जांबा ने किया। उन्होंने प्रसव के बाद नवजात शिशु को शगुन भेंट कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और अधिकारियों ने लड्डू बांटकर इस खुशी को मनाया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम सुंदर ने कहा कि इस पीएचसी में प्रसव सुविधा शुरू होने से आसपास के कई गांवों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। अब गर्भवती महिलाओं को दूर के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे समय की बचत होगी और बेहतर चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।

### पडोसियों की खिड़की से फंदा लगा कर आत्महत्या की

**जींद।** रामराये गेट पर बीती रात एक व्यक्ति ने छत पर जाकर पडोसियों की खिड़की से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामरायं गेट निवासी प्रवीण ने बीती रात अपनी छत पर जा कर पड़ोसियों की खिड़की से फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को घटना का सुबह उस समय पता चला जब प्रवीण दिखाई नही दिया। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। परिवार के सदस्य जब छत पर गए तो उन्हें प्रवीण खिड़की से फांसी के फंदे पर लटका मिला और उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को नागरिक अस्पताल लाया गया।

## रोडवेज कर्मचारी मांगों को लेकर 24 घंटे की करेंगे भूख हड़ताल

- तीन से होने वाली छह चरणों की भूख हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा सांझे मोर्चे के बैनर तले पूर्व में घोषित तीन अप्रैल से होने वाली छह चरणों की भूख हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेंगी।

सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य अनूप लाठर ने बताया कि सरकार द्वारा 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 की कर्मचारियों की अनेक मांगो पर सहमति जताई थी। जिन्हें लागू करने का भरोसा दिया था। मांगो के लागू करने के परिपत्र आज तक जारी नही किए गए हैं। जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मांगों को लागू करवाने के सांझा मोर्चे के बैनर तले सभी डिपुओं में छह चरणों मे तीन अप्रैल, आठ अप्रैल, 16 अप्रैल, 24 अप्रैल व 5 मई को भूख हड़ताल की जाएगी। प्रथम चरण में 3 अप्रैल 2025 को कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, भिवानी, फरीदाबाद डिपो में 24 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी। मुख्य मांगो में परिचालक, चालक, लिपिक के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करके ग्रेड पे बढ़ाया जाए। चालक, परिचालकों को सीमित ओवर टाइम देने के आदेश पत्र को वापस लिया जाए।

### मुनाफे का लालच दे ठगे चार लाख 12 हजार रुपये

**कैथल।** शहर के एक युवक से शेयर मार्केट में रुपये लगा मुनाफा कमाने का लालच देकर चार लाख 12 हजार रुपये की ठगी कर ली। पहले तो एक लाख रुपये लगवाकर मुनाफा दिखाया, लेकिन उसे निकलवाने के नाम और रुपये लगवाए। बाद में एप को ही बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।साइबर थाना में दी शिकायत में अशोका सिनेमा रोड कैथल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह शेयर मार्केट का काम करता है। उसने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर काफी मुनाफा कमाने की बात कही गई। उसने उस पर क्लिक किया तो वह पाथ ऑफ ड्रीम क्लब 763 नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। वह करीब सप्ताह तक उसको देखता रहा। फिर उसने मैसेज करके पूछा कि इसमें इन्वेस्ट कैसे करते हैं।

**सावधानी** पुराना आटा बन सकता है फूड प्वायजनिंग का कारण

# कुट्टू के आटे का प्रयोग करें संभल कर कहीं अस्पताल में भर्ती न होना पड़ जाए

### आटे को बिना जांचे तथा उसकी क्वालिटी जाने बगैर प्रयोग से परहेज करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र चल रहे हैं और श्रद्धालुओं ने व्रत रखे हुए हैं। मौसम का मिजाज भी कुछ गर्म है। ऐसे में कुट्टू के आटे का प्रयोग जरा संभल कर करें। कुट्टू आटे को बिना जांचे तथा उसकी क्वालिटी जाने बैगर प्रयोग से परहेज करें। हालांकि जिले में अभीतक कुट्टू के आटे से लोगों के बीमार होने का मामला सामने नही आया है। चिकित्सकों के अनुसार कुट्टू का आटा की तासीर गर्म होती है। मौसम का मिजाज भी गर्म है। पूड़ी तथा पकोड़े बनाने पर कार्बोहाइड्रेट मात्रा बढ़ जाती है। पूरा दिन उपवास के बाद शाम को कुट्टू के व्यंजन का प्रयोग किया जाता है। जो बहुत ज्यादा हैवी हो जाता है। जिससे फूड प्वायजनिंग के चांस बढ़ जाते हैं। पुराने आटे के प्रयोग से यह खतरा ओर बढ़ जाता है। नवरात्रों में कुट्टू आटा की जबरदस्त डिमांड है। बाजार में कुट्टू आटा खुला तथा बंद पैकिंग में उपलब्ध है। जिसे 80 से 120 रुपये किलो तक बेचा जा रहा है। व्रत रखने वाले विक्रेता पर विश्वास कर बिना गुणवत्ता जांचें धड़ाधड़ आटा खरीद रहे हैं। उसी आटे से बने व्यंजनों का प्रयोग करते हैं। जिसके कारण फूड प्वायजनिंग की संभावना बढ़ जाती है। कुछ उत्पादक आटे के पुराने स्टॉक को निकाल देते हैं। बाजार में पैकिंग 250 ग्राम से एक किलोग्राम में उपलब्ध हैं जबकि खुला कट्टों में 25 से 50 किलोग्राम तक उपलब्ध है। दुकानदार अशोक ने बताया कि कुट्टू की पिसाई कर आटा बनाया जाता है।

#### एक्सपायरी डेट न बेंचे

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कुमार ने कहा कि नवरात्रों का शुभ आरंभ हो चुका है। नवरात्रों में लोग व्रत रखते है एवं व्रत के दौरान लोग कुट्टू व सिंघाड़े का आटा, साबुदाने, सामक आदि का सेवन करते हैं। अतः जनता से भी अपील है कि व्रत में प्रयोग होने वाली खाद्य सामग्री को खरीदने से पहले मेनूफेक्चरिंग और एक्सपायरी या यूज बाय डेट की जांच कर ही खरीदें एवं पुरानी व खुलें में रखी खाद्य सामग्री नहीं खरीदें। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को नवरात्रों के दौरान व्रत से संबंधित सभी खाद्य पदार्थ जैसे कुट्टू व सिंघाड़ का आटा ताजा व शुद्ध बेचने के निर्देश दिए जाते हैं एवं दुकान में साफ -सफाई का उचित ध्यान रखें।

## पंद्रह दिन के अंदर रोड दुरुस्त करने के निर्देश

- कैथल-गुहला-पटियाला रोड की खस्ता हालत पर एसडीएम ने लिया कड़ा संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कैथल-गुहला-पटियाला रोड की खस्ता हालत पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी करते 15 दिन के अंदर-अंदर रोड को दुरूस्त करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी किए पत्र में कहा कि विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से उनके संज्ञान में आया है कि चीका-कैथल और चीका-पटियाला रोड की हालत काफी खराब है, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं। जिसकी वजह से आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क सुरक्षा नियमों के तहत सड़क की हालत सही नहीं है। सड़क में अधिक गड्ढे होने से ध्वनि प्रदूषण भी ज्यादा होता है। लोक निर्माण विभाग डिविजन-2 के कार्यकारी अभियंता को 21 अप्रैल को कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश भी जारी किए हैं। यह मामला उपायुक्त कैथल तथा लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया है।



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942ः अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।



निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।

### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज़ द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।



## खबर संक्षेप

### बेटे के ससुराल के लिए निकली महिला लापता

**जींद।** मायके से बेटे के साथ ससुराल के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भटनागर कालोनी निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत 28 मार्च को उसकी बेटी अपने बेटे के साथ ससुराल के लिए निकली थी। जिसके बाद वह न तो ससुराल पहुंची और न ही मायके पहुंची।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव घिमाणा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घिमाणा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 23 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधानसभा के लिए बीसी को मिले 27% आरक्षण

**जींद।** पिछड़े वर्गों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम बीसी सर्व समाज शिष्ट मंडल ने मंगलवार को उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री को ज्ञापन सौंपा। जींद स्थित अर्बन एस्टेट में ज्ञापन लेने के बाद विधायक देवेंद्र अत्री ने बीसी शिष्ट मण्डल को विश्वास दिलाया कि पिछड़ा वर्ग की मांगों से युक्त इस ज्ञापन को उनकी तरफ से पूरी पैरवी के साथ सीएम के पास शीघ्र ही भेज दिया जाएगा।

### बच्चों ने रिबन काट कर की नए सत्र की शुरूआत

**जींद।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका में नए सत्र की जोरदार शुरूआत बच्चों से मुख्य द्वार पर रिबन कटवा कर की गई। अध्यापकों ने सभी बच्चों को तिलक लगा कर उनका स्वागत किया। सभी बच्चों को चॉकलेट खिला कर उनका मुंह मीठा करवा कर नए सत्र की शुरुआत की गई। सुबह की प्रेयर के बाद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हवन का आयोजन किया गया।

### समाधान शिविर का आयोजन किया

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों की विभिन्न शिकायतों को सुनते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। कहा कि समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद मंच के रूप में कार्य करता है।

### चैतन्य देवी दर्शन कार्यक्रम चार को

**राजौंद।** परमपिता परमात्मा की असीम कृपा से ब्रह्माकुमारी आश्रम द्वारा राजौंद में पहली बार चैतन्य देवी दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी आश्रम से पूनम बहन , नीलम बहन, सरिता बहन ने बताया कि चैतन्य देवी दर्शन कार्यक्रम आयोजन 04 अप्रैल शाम 4:30 बजे किया जा रहा है। आप सभी से नगर निवासियों से अनुरोध है कि आप सह परिवार पधारे और माता रानी के शुभदायक सुखदायक गुणगान व महिमा में शामिल हो।

### रा.प्राथमिक पाठशाला ग्योंग में मनाया प्रवेश

**कैथल।** रावमावि व राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग में 2025-26 के प्रवेश उत्सव उद्घाटन समारोह में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संजीव मोदगिल एडवोकेट जगपाल एसएमसी प्रधान उपस्थित रहे।

### साइक्लोथॉन यात्रा में भाग लेने के लिए करें पंजीकरण

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत 5 अप्रैल से साइक्लोथॉन एडिशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह यात्रा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जाएगी।

## नवरात्र का चौथा दिन: वैष्णवी धाम में श्रद्धालुओं ने यज्ञ किया

# मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी

### नवरात्र में हिंदू धार्मिक स्थलों के आसपास मांस बेचने पर प्रतिबंध : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

नवरात्र के चौथे दिन मंगलवार को माता कूष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रसिद्ध मंदिर जयंती देवी मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, रघुनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्त माथा टेकने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर सजी दुकानों से बच्चों के लिए खिलौने इत्यादि की खरीददारी भी की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि शास्त्रों में ऐसा माना है कि यदि मां का यह स्वरूप आविर्भूत नहीं होता तो संपूर्ण संसार अपने ही विषैले पदार्थों से स्वयं ही नष्ट हो जाता। पूरे जगत में चारों ओर विनाश, अंधकार एवं अज्ञानता का बोलबाला होता। मां कुष्मांडा ने ही संसार में पनपी पूरी विषैली ऊर्जा को स्वयं पीकर सृष्टि की रक्षा की थी। ब्रह्मांड उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कुष्मांडा देवी का वास सूर्य मंडल के भीतर लोक में है। सूर्य लोक में रहने की शक्ति व क्षमता केवल इन्हीं में है। कहा कि नवरात्र


जींद। जयंती देवी मंदिर में आयोजित धार्मिक संध्या में मां की भेंटें सुनते श्रद्धालु।


जींद। माता वैष्णवी धाम में आयोजित महानर्वाण यज्ञ के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

के नौ दिन मानव जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। इन दिनों में जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से मां भगवती की अराधना करता है मां भगवती उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि जर्रे-जर्रे में है मां का वास, वही है सबकी सृजनहार, वही है सबकी पालनहार, वही है सबकी तारनहार। वही है सबके हृदय की धड़कन, वही ऊर्जा के रूप में पूरे शरीर में प्रवाहित हो रही है। जब वही सब कुछ कर रही है, तो फिर ईर्ष्या किससे, नफरत किससे। अतः मां के विराट स्वरूप से प्यार करो, उसी को चाहो, उसी के बन जाओ। आचार्य पवन माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आचार्य ने कहा कि मां से प्यार करने का अर्थ है मां के बनाए बंदों से प्रेम करना। यदि कोई मनुष्य यह कहे कि मैं पड़ोसी से तो घृणा करता हूं किंतु ईश्वर से प्रेम करता हूं तो वह झूठा है। कहा कि जो प्राणी मंदिर में तो मां की मूर्ति की पूजा करता है किंतु घट-घट वासी मां की उपेक्षा करता है तो उसकी वह भक्ति दिखावा है, छलावा है। ईश्वर करे हम ऐसी स्थिति में आ जाएं जब हमें सर्वत्र मां का ही दर्शन हो, जर्रे-जर्रे में उसकी ही झांकी दिखाई दे। अभी से इस साधना में लग जाओ व तब तक रूकना मत जब तक मां को पा न लो। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि नवरात्रों के दृष्टिगत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते आदेश पारित किए हैं कि संपूर्ण नप क्षेत्र में मां के चैत्र नवरात्रों के दौरान हिंदू धार्मिक स्थलों के आसपास 500 मीटर के दायरे में मांस, मछली और अंडे की खरीद व बिक्री पर तथा गैर कानूनी पशु व पक्षी वध पर प्रतिबंध रहेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। यह आदेश सात अप्रैल मध्यरात्री तक लागू रहेंगे।

## गायक कलाकारों ने संस्कृति को बढ़ाया : कंडेला

- दीपक हुड्डा व स्वीटी बूरा झगड़े को बढ़ावा न दे बैठ कर समझौता करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने मंगलवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। टेकराम ने दीपक हुड्डा व स्वीटी बूरा के बारे में बोलते कहा कि यह दोनों बहुत ही अच्छे खिलाड़ी हैं और इन्होंने पूरे देश का नाम रोशन किया है। अब इनका मनमुटाव चल रहा है जोकि खबरों व सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऐसे में यह दोनों झगड़े को बढ़ावा न देकर आपस में मिल बैठ कर समझौता कर लें और अपने परिवार को आगे बढ़ाएं ताकि समाज


जींद। बैठक करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

और नौजवानों व खिलाड़ियों में एक अच्छा मैसेज जाए। कहा कि हरियाणा के गायक कलाकारों ने संस्कृति व लोक परंपराओं को बढ़ावा देने में अहम योगदान देकर हरियाणा के मान को बढ़ाया है। सभी कलाकारों ने गानों में अच्छे शब्दों का प्रयोग करना चाहिए ताकि हमारे अच्छा संदेश व जागरूकता पैदा हो ताकि समाज का ताना-बाना, प्रेम, प्यार भाईचारा बना रहे। कंडेला ने कहा कि सभी कलाकारों को एक नजर से देखें व किसी कलाकार के साथ भेदभाव ना हो। कंडेला खाप के उप प्रधान अजमेर दालमवाला, प्रदीप शर्मा, कीर्ति शर्मा, कंडेला खाप के महासचिव रामदिया नंबरदार आदि पदाधिकारी साथ रहे।


जींद। प्रवेश उत्सव में भाग लेते वाइस चेयरमैन। फोटो :हरिभूमि

### प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

**जींद।** राजकीय उच्च विद्यालय छापडा में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रवेश उत्सव का आयोजन किया । जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश कुमार रहे जबकि विशिष्ट अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा रहे। वाइस चेयरमैन ने अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिल करने पर जोर दिया विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा में मेहनत करते आगे बढने का संदेश दिया। साथ ही कहा कि सरकार गरीब एवं ग्रामीण अंचल से जुड़े हुए विद्यालयों के प्रति अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने जा रही है। सरकार का प्रमुख उद्देश्य गांव के गरीब विद्यार्थियों की दिशा और दशा को बदलने का है ताकि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से जीवन में आगे बढ़ सके इसके लिए सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

### सीजेएम ने किया कलाम बाल आश्रम का निरीक्षण

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने कलाम बाल आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर आश्रम में कुल 16 बच्चे मौजूद थे। प्राधिकरण सचिव ने कलाम बाल आश्रम में रह रहे बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कलाम बाल आश्रम के निरीक्षण के साथ-साथ बच्चों से बातचीत भी की और बच्चों से उनके खाने-पीने, रहने-सहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सचिव ने कलाम बाल आश्रम के स्टाफ को निर्देश दिए की बच्चों की देखरेख में कोई कमी नही आनी चाहिए तथा बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित कोई भी लापरवाही ना की जाए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आगामी 10 मई को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है।

### यज्ञ कर बच्चों का प्रवेश करवाया

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना में नए सत्र 2025.26 का प्रारंभ हवन कर बच्चों का प्रवेश करवाया । माननीय प्रबंध समिति के संरक्षक पवनए भारत भूषणए अध्यक्ष कृष्ण चुघए उपाध्यक्ष नीरज नागपाल, प्रबंधक दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर सदस्य अजय महिला प्रतिनिधि डॉ शोभा जांगड़ाए शिक्षाविद दिनेश गोयल सदस्य अजय गोयल अभिभावक प्रतिनिधि कुलदीप वर्मा ने सभी बच्चों एवं विद्यालय परिवार को नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुभकामनाएं और बधाई दी। नवीन सत्र 2025.26 के पहले दिन विद्यालय के प्रांगण में माननीय प्रबंध समिति के सदस्यों में कृष्ण चुघ डॉ धूप सिंहए दिनेश गोयल की उपस्थिति में हवन यज्ञ प्रारंभ हुआ। आचार्य चंद्रनाथ शास्त्री ने हवन करवाया। विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य भैया बहने व कर्मचारी सदस्य भी उपस्थित रहे।


नरवाना। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि


केके वैकटरमन का स्वागत करते प्राचार्य डॉ. सुभाष व मेजर डॉ. राजेश तुरान।

### एनसीसी की गतिविधियों का किया निरीक्षण

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज में 7 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. करनाल के कमान्डिग अधिकारी कर्नल के.के. वैकटरमन ने एन.सी.सी. की गतिविधियों का निरीक्षण। प्राचार्य डॉ. सुभाष तंवर तथा एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. राजेश तुरान ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका कॉलेज में आने पर स्वागत किया। कमान्डिग अधिकारी ने सबसे पहले एन.सी.सी. कैडट्स से वार्तालाप की। एन.सी.सी. के दौरान व सर्टिफिकेट पास करने के बाद कैडटेस को उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में गहनता से चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य के दौरान कॉलेज के कैडटेस को बटालियन स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के बारे में और एन.सी.सी. विशेष प्रवेश योजना और संयुक्त रक्षा एन.सी.सी. विशेष प्रवेश योजना और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा के बारे में जानकारी दी।

### मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**पूंडरी।** नवरात्रे के तीसरे दिन फतेहपुर देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मनोकामना पूर्ण होने पर जहां भक्तों ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर नारियल चढ़ाया वहीं कुछ भक्त मनोवंछित फल की प्राप्ति के लिए दुर्गा की उपासना व पूजा में लगे हुए थे। यूं तो कस्बे के हर मंदिर में भक्तों की भीड़ जमा थी। किसी के हाथ में आरती की थाली थी तो कोई मइया को चुनरी नारियल भेंटकर पूजा-अर्चना कर रहा था। मंदिर में नवरात्रे के तीसरे दिन दूर-दराज व शहर से आए भक्तों ने देर शाम तक मां के दर्शन किए। माता मनसा देवी तीर्थ फतेहपुर सभा के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि देवी मंदिर फतेहपुर में मां भगवती के दर्शन पिण्डियों के रूप में है,जो प्राचीन समय में तालाब की खुदाई करते समय प्रकट हुई थी, बाद में यह तालाब एक बहुत बड़ा विशाल तीर्थ बन गया।


पूंडरी। मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि


राजौंद। नामांकन अभियान के तहत रैली निकालते हुए।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**राजौंद।** शहीद हवलदार धर्म सिंह राजकीय कन्या वमावि देवबन व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय देवबन में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डिप्टी सुपरीटेंडेंट सुरेश और जिला परियोजना संयोजक कार्यालय से कुशल शर्मा प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। प्रधानाचार्य रामेश्वर दास व मुख्य शिक्षिका सुमन ने जानकारी दी कि विद्यालय के स्टाफ , जिला पार्षद और ग्राम पंचायत के सहयोग से डोर टू डोर जाकर गांव में स्थित विद्यालयों का सर्वे किया गया है जिसमें ड्रॉप आउट, नॉन बच्चों को चिन्हित किया गया है। सुरेश कौशिक ने कैथल जिले को जीरो ड्रॉप आउट बनाने के लिए सबको प्रेरित किया। टॉपर छात्राओं को मोमेंटो व मेडल प्रदान किए गए। इसके उपरांत गांव में सभी अध्यापकों छात्राओं और एसएमसी सदस्यों द्वारा नामांकन अभियान के तहत रैली निकाली गई।


जींद। साइकलोथान यात्रा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए एडीसी।

### साइक्लोथॉन का किया जाएगा स्वागत

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देती हुई प्रदेशभर में साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं को नशे से दूर रहने का विशेष संदेश देने के लिए साइक्लोथॉन आगामी 23 अप्रैल को कैथल से चल कर जींद जिला के नरवाना, उचाना होती हुई जींद पहुंचेगी और 24 अप्रैल को जींद से हिसार जिले के उपमंडल बरवाला के लिए रवाना होगी। प्रशासन द्वारा साइक्लोथॉन यात्रा का जींद में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा में विशेषकर युवाओं का जोड़ा जाएगा ताकि हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में न फंसे। एडीसी विवेक आर्य ने साइक्लोथॉन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस साइक्लोथॉन का दूसरा चरण पांच अप्रैल से शुरू होने जा रहा है।

## बिजली कर्मचारियों ने जताया रोष

- अधीक्षक अभियंता के खिलाफ लामबंद हुए बिजली निगम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक मंगलवार को सर्कल सचिव धरमबीर भम्भेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। बैठक में अधीक्षक अभियंता के तानाशाही रवैये को लेकर रोष जताया गया। उन्होंने कहा कि अधीक्षक अभियंता ने बातचीत करने गए सर्कल सचिव के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया है, उस से सगंठन की गरिमा को ठेस पहुंची है और संगठन ने अधीक्षक अभियंता ने जो सर्कल सचिव को पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती हैं और सभी की सहमति से अधीक्षक अभियंता के रवैये के खिलाफ दो अप्रैल बुधवार को जींद जिले की सभी सब यूनिटों पर तीन दिन विरोध बैठकें की जाएंगी और सात व 8 अप्रैल को तीनों डिविजनों पर विरोध बैठक होगी। अगर फिर भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नही हुआ तो सर्कल सचिव के खिलाफ लिखी गई कार्रवाई वापस नही ली तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। बैठक में राज्य प्रधान सुरेश राठी ने पूरे देश के बिजली क्षेत्र की बात रखी और यूनियन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।


जींद। रोष जताते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### सत्र आगमन समारोह का आयोजन

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में नए सत्र 2025-26 के प्रारंभ के उपलक्ष में सत्र आगमन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने स्वागतगान, नृत्य एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम विद्यालय में प्रविष्ट सभी विद्यार्थियों का तिलक से स्वागत किया। छात्रों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी जीवन में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा 2025-26 के थीम की घोषणा की गई। सत्र का थीम स्वर्णिमः स्पैक्ट्रमस आफ स्कीलस जिसका अनुसरण करते हुए विद्यालय वर्षभर नई उपलब्धियां प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका अंजू सिहाग ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन अन्य मापदंडों एवं मानको के अनुसार विद्यार्थियों को शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है।


जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने हवन में आहुति दी

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ यज्ञ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंजीत कौर शास्त्री के माध्यम से विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो, प्राचार्य अवनीश कुमार और प्राचार्या राज रेढू ने किया। अध्यापकवृंद और सभी विद्यार्थियों ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक विद्यालय की उपलब्धियों से अवगत करवाया। विद्यालय प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी और अभिनंदन किया। बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। यज्ञ की पवित्र आहुति से सभी विद्यार्थियों में नया जोश, नई उमंग और नया उत्साह भर गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया।

## रा मॉडल संस्कृति सीसे.स्कूल चीका में मनाया प्रवेश उत्सव

# होनहार छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला चीका

गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका ने नए प्रवेशित छात्रों का स्वागत करने के लिए 'प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया और विभिन्न कक्षाओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। राजेश शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रवेश उत्सव' की शुरूआत नए छात्रों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जो एक पोषण और समावेशी शैक्षिक वातावरण


गुहला चीका। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रिंसिपल मेघाव्रत ने लोगों को संबोधित करते शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य, छात्र और अभिभावक शामिल हुए, जिन्होंने अवसर को यादगार बनाने में अपना योगदान दिया। अवसर पर प्रेम पुनिया, बलकार सिंह, काला पहलवान, मदन नंबरदार, बब्बू ,वेदराज एडवोकेट, सुरेंद्र हांडा, जितेंद्र, राजेश कुमार, सुभाष एमसी, इकबाल सिंह, नरेश जैन, सलिंदर वाल्मीकि, नरेश ,कृष्ण पुनिया, सूरजभान पुनिया, मामू राम सिरोही, मेहर सिंह, सरदार सुरजीत सिंह सराऊ, गणेश दतशस्त्री, कुलदीप सिंह, बलदेव शर्मा, गुरनेक शीडा शामिल थे।

### अशरफगढ़ स्कूल के होनहार छात्रों को सम्मानित किया

**जींद।** चौधरी सतबीर खरब फाउंडेशन जींद व गौसेवक दल धौडी के द्वारा रा मावि अशरफगढ़ के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया । फाउंडेशन के संस्थापक रबिन उर्फ रोबिन खरब उगालन व माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, प्रिंसिपल बबीता खटकड़ व राजकीय विद्यालय के पूरे स्टाफ ने मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। फाउंडेशन के सह संस्थापक बिरेंद्र खरब, सह संस्थापक प्रीतम सिंह, अजमेर खर्ब, गो सेवक दल के अध्यक्ष सचिन यादव, प्रिंस सिंह संधू, कृष पहल बराह खुर्द ने कहा कि हम भविष्य में भी इस तरह के नेक कार्य करते रहेंगे साथ में विद्यार्थी व उनके अभिभावक गण मौके पर मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### अमेरिका भिजवाने के नाम 6.30 लाख ठगे

**कैथल।** थाना शहर पुलिस कैथल ने एक युवती को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 630000 की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति और उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मायापुरी कॉलोनी कैथल की ज्योति ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह विदेश जाना चाहती थी। इसे लेकर 14 फरवरी 2024 को उसके पिता राजेश कुमार के साथ उन्होंने गांव मानस के सुरेश कुमार, उसकी पत्नी तथा उसके बेटे दिनेश के साथ बातचीत की।

### रास्ता रोककर मारपीट में एक घायल

**कैथल।** नागरिक अस्पताल के निकट रास्ता रोककर मारपीट करने का एक मामला प्रकाश में आया है। गांव जखोली के जोगिंदर ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 मार्च को बाद दोपहर जब वह नागरिक अस्पताल कैथल के निकट से जा रहा था तो रामफल, मोहित, संदीप, ऋषिपाल, रमेश, महिपाल, बलराम, सतीश, कृष्ण व तीन चार अन्य साथियों ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### बाइक की चपेट में आने से पिता-पुत्र घायल

**कैथल।** कस्बा चीका में बाइक की चपेट में आने से पिता पुत्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव मेंगड़ा के जसविंदर सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 मार्च को जब वह अपने पिता निर्मल सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर चीका के त्रिवेणी चौक संजय बस्ती से जा रहा था तो संदीप नामक व्यक्ति ने अपनी बाइक को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह तथा उसका पिता घायल हो गए।

### विधायक ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाया

**जींद।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने मंगलवार को उचाना हलके के विभिन्न गांव के दौरे किए। डूमरखा खुर्द गांव से दौरे की शुरूआत की। अत्री ने लोगों को संबोधित करने के बाद उनकी समस्याओं को भी सुना। कांग्रेस सरकार पर क्षेत्रवाद, परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवाद, परिवारवाद की राजनीति को खत्म करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। कांग्रेस के लोग कहते थे हिसार एयरपोर्ट पर जहाज उतरा तो राजनीति छोड़ देंगे।

### अखिल विश्व कल्याणकारी महायज्ञ का भव्य आयोजन

**राजौंद।** राजौंद स्थित गुरु ब्रह्मानंद आश्रम सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जगद्गुरु श्री स्वामी ब्रह्मानंद महाराज जी के झंडा स्थापना दिवस के पावन उपलक्ष्य में अखिल विश्व कल्याणकारी शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह दिव्य अनुष्ठान विश्व शांति एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर डॉ. राजेश कुमार राजौंद (अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच), उनकी धर्मपत्नी सुमन देवी एवं परिवार के अन्य सदस्य मुख्य यजमान के रूप में सपरिवार उपस्थित रहे।

---

### कई महीनों बाद जींद अस्पताल को मिला अपना सीएमओ

# अस्पताल का निरीक्षण, व्यवस्थाएं जांची

- बजट, ऑक्सीजन प्लांट, दवाइयों के स्टॉक की करनी होगी कवायद
- मरीजों को रेफर न करने पर रहेगा फोक्स : सीएमओ डा. सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को आखिरकार अपना स्थायी सीएमओ मिल गया है। मंगलवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली ने सीएमओ पद पर ज्वायन किया। ज्वायन करते ही सीएमओ ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचने का काम किया। व्यवस्थाएं दिखाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने भी तुरंत तैयारियां पूरी की और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को साथ लेकर सीएमओ पुरानी व नई बिल्डिंग दोनों का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि उनका फोक्स अस्पताल में पर्याप्त दवाइयों का भंडारण व बेवजह मरीजों को पीजीआई रेफर नही करने पर है। अगर लापरवाही किसी भी स्तर पर होती है तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**जींद।** अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

#### ऑक्सीजन प्लांट खराब




इस समय नागरिक अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट खराब है। बिना रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांक रही है। अस्पताल की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए लगभग छह करोड़ रुपये बजट की आवश्यकता है। पर्याप्त मात्रा में दवाइयां नही हैं। जिस हिसाब से अस्पताल में सिजेरियन होने चाहिए, उस गति से सिजेरियन नही हो रहे हैं।

#### पुरानी व नई बिल्डिंग तक किया निरीक्षण



सीएमओ डा सुमन कोहली

सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल, डा. संतलाल के साथ पुरानी बिल्डिंग से निरीक्षण की शुरूआत की। यहां दवाओं को बनाए गए स्टोर रूम, इमरजेंसी वार्ड को देखा। डायलसिस सेंटर का दौरा किया। सीटी स्कैन सेंटर को देखा। नई बिल्डिंग में आप्रेशन थिएटर व गर्भवति महिलाओं के वार्ड को देखा। अस्पताल में सफाई को लेकर निर्देश दिए। सीएमओ न हर सुविधा व कमी की बारिकी से जानकारी हासिल की। सीएमओ डा. सुमन कोहली के पास पीएमओ का भी एडिशनल चार्ज रहेगा। जींद अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल लगभग चार माह पहले सेवानिवृत हो गए थे। इसके बाद हिसार से डा. सपना को एडिशनल चार्ज दिया गया था। जींद अस्पताल को कार्यवाहक सीएमओ के तौर पर डा. पालेराम कटारिया संभाल रहे थे तो कार्यवाहक पीएमओ डा. राजेश भोला व्यवस्थाएं बनाने में लगे थे। अब नागरिक अस्पताल को सीएमओ डा. सुमन कोहली मिल गई हैं। जिस से अस्पताल के रूके हुए कार्यों को गति मिलेगी।

#### व्यवस्थाएं दिखाने का प्रयास

सीएमओ डा. सुमन कोहली अस्पताल पहुंची तो उन्हें व्यवस्थाएं दिखाने का प्रयास किया गया। आम दिनों में स्ट्रेचर के लिए मरीजों को भटकना पड़ता था, वही स्ट्रेचर पुरानी बिल्डिंग के मेन गेट पर थे। अस्पताल का अमला भी वर्दी में था और स्टाफ नर्से तक एप्रेन पहने हुए नजर आई। इमरजेंसी में व्यवस्थाएं बनाई गई। जगह-जगह एचकेआरएनएल कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात थे। हर स्वास्थ्यकर्मी अपनी सीट पर था और अपनी ड्यूटी ठीक से कर रहा था।

#### बजट, ऑक्सीजन प्लांट दवाइयों के स्टॉक की करनी होगी कवायद

इस समय नागरिक अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट खराब है। बिना रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांक रही है। अस्पताल की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए लगभग छह करोड़ रुपये बजट की आवश्यकता है। पर्याप्त मात्रा में दवाइयां नही हैं। जिस हिसाब से अस्पताल में सिजेरियन होने चाहिए, उस गति से सिजेरियन नही हो रहे हैं।

#### मरीजों को रेफर न करने पर रहेगा फोक्स : डा. सुमन

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि अस्पताल की दोनों बिल्डिंग का निरीक्षण किया है। निरीक्षण में पाई गई कमियों को जल्द दूर किया जाएगा। अस्पताल में दवाइयों का पर्याप्त भंडारण करवाया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल में प्रयास किया जाएगा कि मरीजों को रेफर ना किया जाए और उनका समुचित उपचार जिला मुख्यालय पर ही हो सके। सरकार के आदेश अनुसार जन औषधि केंद्र चलाया जा रहा है, जिसे आम जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है।

---

### यूपीएस के विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**जींद।** भाजपा जिला प्रधान को ज्ञापन सौंपते हुए।

**जींद।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में नेशनल मूवमैंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा ने मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल को पीएम मोदी और सीएम सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अनूप लाठर ने बताया कि केंद्र सरकार ने एक जनवरी 2004 और हरियाणा सरकार ने एक जनवरी 2006 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन योजना को बंद करके नई पेंशन स्कीम लागू की है। जिसके अंतर्गत कर्मचारी के वेतन में से 10 % और सरकारी खजाने से वेतन का 14 % हिस्सा शेयर बाजार के माध्यम से पूंजीपतियों के हवाले कर दिया जाता है। साथ सरकारी कोष भी जोखिम के अधीन चला जाता है और कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद नाम मात्र की पेंशन मिलती है।

---

## पवनार पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

- लगभग 350 छात्र-छात्राओं को मेरीटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पवनार पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम पारितोषिक उत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य ने अपने स्टाफ तथा अभिभावकों व बच्चों के साथ श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा की।अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। लगभग 350 छात्र-छात्राओं को मेरीटोरियस अवार्ड से नवाजा गया। सर्वाधिक हाजिरी वाले विद्यार्थियों तथा अनुशासित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जोगिंदर ढुल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए सफलता के लिए अध्यापकों, अभिभावकों के साथ-साथ विद्यार्थियों में समर्पण की भावना तथा विद्यालय में अनुशासित वातावरण को श्रेय दिया। दसवीं कक्षा के मेरीटोरियस छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र जो विभिन्न सम्मानित पदों पर कार्यरत हैं उन्हें इस अवसर पर याद किया। विद्यालय की प्रबंधक राजश्री ने नर्सरी एलकेजी और के जी कक्षाओं के लिए बाल वाटिका की फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। जिसका लक्ष्य बच्चों से मानसिक दबाव हटाकर प्ले वे मेथड से शिक्षा प्रदान करना है।



**कैथल।** प्रधानाचार्य जोगिंदर ढुल और राजश्री विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

---

## हरियाणा अधिवक्ता परिषद कैथल इकाई ने नववर्ष पर किया हवन

*प्रसाद का वितरण किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नववर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर हरियाणा अधिवक्ता परिषद कैथल इकाई द्वारा हवन यज्ञ किया गया तथा सभी के लिए यह नूतन वर्ष मंगलमय होने की कामना की गई। प्रसाद का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर रितु वाई. के. बहल माननीय जिला व सत्र जज, सहित अन्य गणमान्य जज, नीलम कश्यप प्रेसीडेंट जिला उपभोक्ता आयोग कैथल, जिला बार अध्यक्ष संदीप शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य, हरदीप सिंह राणू जिला अध्यक्ष, हरियाणा अधिवक्ता परिषद सहित कार्यकारिणी व सदस्य व अन्य बार सदस्य उपस्थित रहे। भव्य कार्यक्रम रहा। हरदीप सिंह राणू जी ने कहा कि अधिवक्ता परिषद प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार हिन्दू नूतन वर्ष हवन यज्ञ करके मनाती है।



**कैथल।** नववर्ष पर हवन में आहुति डालते न्यायाधीश और अधिवक्ता फोटो : हरिभूमि

---

## विकसित भारत युवा संसद 2025 में हाबड़ी की बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा हरियाणा विधानसभा में आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद 2025' का भव्य और सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से 86 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मंच पर गांव हाबड़ी की बेटियों स्वाति जांगड़ा और वंदना जांगड़ा ने भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दोनों बेटियों ने युवा संसद में संवैधानिक मूल्यों और विकसित भारत के निर्माण पर अपने 3 मिनट के विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए, जिसे काफी सराहा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गु'जर ने हाबड़ी की बेटियों के इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि स्वाति और वंदना ने न केवल अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



**पूंडरी।** गांव हाबड़ी की स्वाति जांगड़ा और वंदना जांगड़ा।

---

## रूहल खाप के अध्यक्ष बने जयभगवान गुहना

- चोरमार खेड़ा में खाप के 8वें सम्मेलन में 6 राज्यों से पहुंचे थे 750 प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव चोरमार खेड़ा में राष्ट्रीय रूहल खाप का त्रिवार्षिक सम्मेलन 30 मार्च को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली व मध्य प्रदेश सहित 6 राज्यों से करीब 750 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चयन हुआ। इस कार्यक्रम में कैथल जिले के गांव गुहना निवासी जयभगवान गुहना उर्फ भानू को एक बार फिर सर्वसम्मति से उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जयभगवान भानू ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसको वे पूरी मेहनत व लगन से पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुद्वारा साहिब चोरमार के मुख्य सेवादार बाबा गुरपाल सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पीसीएस हरबंस कौर मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत करते हुए खाप की एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में पहलवान रजत रूहल सहित सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय महिला व पुरुष खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद रूहल खाप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 3 वर्षों के लिए किया। इसमें भिवानी के सरपंच बलजीत सिंह रूहल को आजीवन अध्यक्ष, अत्तर सिंह को संरक्षक, जयभगवान गुहना को अध्यक्ष, डॉ. आनंद सीकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश से सुशील रूहल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बादाम सिंह व यमुनानगर से अमित कुमार को उपाध्यक्ष, माछरोली से रणवीर सिंह, जगसीर सिंह चोरमार को सचिव व जसवीर सिंह चोरमार खेड़ा को सदस्य चुना गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार कागदाना को दी गई। जयभगवान ने बताया कि शेष कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी।



जयभगवान गुहना

---

### आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगरी का वार्षिक परिक्षा परिणाम रहा शानदार



**राजौंद।** वार्षिक परिक्षा परिणाम के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगरी का वार्षिक परिक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम एक अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 8वीं में प्रथम रहा छात्र आदित्य कुमार शर्मा नीमवाला पूत्र निर्मल कुमार, द्वितीय स्थान पर रही छात्रा नव्या नीमवाला पुत्री यशदेव शर्मा, तृतीय स्थान पर रही छात्रा मन्नत। स्कूल प्रिंसिपल डॉ सुनीता आहूजा व स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

---

## डीएवी स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान

- 9वीं कक्षा के लिए अनिकेत तथा 11वीं के लिए राजीव राजा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना में मंगलवार को स्कॉलरशिप स्कीम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें विजेता मेधावी छात्रों को वार्षिक शुल्क में विशेष छूट प्रदान की गई। इस योजना के अंतर्गत कक्षा तीसरी से 9वीं और 11वीं तक के छात्रों को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 100 प्रतिशतए द्वितीय स्थान को 50 प्रतिशत और तृतीय स्थान को 30 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की गई। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने दी।



**जींद।** मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### आरकेएसडी कालेज के डॉ. सुशील गुप्ता को सेवानिवृति पर दी विदाई पार्टी



**कैथल।** डॉ. सुशील गुप्ता को सेवानिवृति पर सम्मानित करते पदाधिकारी

**कैथल।** आरकेएसडी कालेज के डॉ. सुशील गुप्ता को सेवानिवृति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्या समिति और आर.के.एस.डी. समूह की गवर्निंग बॉडी के सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रधानाचार्य, संकाय सदस्य, कर्मचारी, पूर्व प्रधानाचार्य व सेवानिवृत्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. गुप्ता के शिक्षा एवं संस्थान के प्रति अमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया।

---

## चिराग स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद अध्यापिकाएं। फोटो : हरिभूमि

**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना में वार्षिक परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक घोषित किया गयाए जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे सत्र में कठिन परिश्रम और समर्पण से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम हासिल किए। इससे पूर्व विद्यालय में परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से किया गयाए जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान व परीक्षा परिणाम बनाने में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं। शिक्षकों और विद्यालय प्रशासन के सहयोग से परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश वत्स ने छात्रों को ानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

---

**परेशानी** — तीर्थ स्थल सफीदों के प्रवेश द्वार खानसर चौक पर स्थित

# विकास की बाट जोह रहा सफीदों का सर्पदधि तीर्थ

*कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड जल्द करवाए निर्माण कार्य।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों का महाभारतकालीन ऐतिहासिक तीर्थ एवं सरोवर डेरा हंसराज तीर्थ खानसर जोकि सर्पदधी के नाम से भी जाना जाता है, विकास की बाट जोह रहा है। गौरतलब है कि यह तीर्थ स्थल सफीदों के प्रवेश द्वार खानसर चौक पर स्थित है। कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की परिधि में शुमार इस तीर्थ का दौरा लगभग आठ साल पहले प्रदेश के गवर्नर कप्तान सिंह सौलंकी ने किया था। तब उन्होंने इस तीर्थ के जीर्णोद्धार का वायदा किया था। उनके दौरे के बाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सफीदों आगमन पर इस तीर्थ के जीर्णोद्धार की खातिर 11 फरवरी 2019 को इसकी आधारशिला रखने के बाद लगभग सवा तीन करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी जो कि कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की द्वारा वहन की जानी थी। इस तीर्थ स्थल का दौरा करने के बाद कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से इसके जीर्णोद्धार की खातिर टेंडर जारी किया था और उसके बाद इसका विकास कार्य शुरू कर दिया गया। लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि से पहले चरण में निर्माण कार्य कराया गया। जिसके तहत इसके दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया। जिसमें यहां पर एक बड़ा हाल एक अन्य हाल व तीर्थ यात्रियों की खातिर आठ कमरों का निर्माण किया गया।






**जींद।** निर्माण की बांट जो रही खाली जमीन व निर्माण के लिए लगाया गया शिलान्यास पत्थर। फोटो : हरिभूमि

#### दर्शन के लिए मंदिर मे हजारों श्रद्धालु आते हैं

इस तीर्थ की देखरेख कर रहे राजेश शास्त्री का कहना है कि इस तीर्थ स्थल के प्रांगण मे एक भव्य मंदिर भी बना हुआ है। जिसमें सभी देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी हैं, जिनके दर्शनार्थ हजारों श्रद्धालु हर महीने यहां आते हैं। इस तीर्थ स्थल के प्रांगण मे बजरंग बलि हनुमान जी की भव्य विशाल मूर्ति भी हैं। प्रत्येक मंगलवार को मंदिर में हनुमान चालीस का पाठ किया जाता हैं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को इस तीर्थ स्थल पर आने पर इसके आधे-अधूरे विकास को देखकर काफी ठेस लगती हैं। राजेश शास्त्री ने कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड से मांग की है कि शीघ्र ही इस तीर्थ स्थल के निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए।



**जींद।** तीर्थ पर बनाया गया भवन व मंदिर।